पूर्व में संचालित विभागीय कार्रवाही वाद संख्या 01/2016–17 में मेरे द्वारा ससमय अपना पक्ष रखा गया है, परन्तु वर्त्तमान में विभागीय कार्यवाही में मेरे द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है, यह बात सर्वथा गलत है। अपनी तरफ से मेरा पूरा प्रयास है कि मैं विभागीय कार्रवाही के संचालन में पूर्ण सहायोग करू, परन्तु परिस्थिति यह है कि लम्बे समय कारा में व्यतित होने के फलस्वरूप अपना पक्ष रखने में परेशानी महसूस कर रहा हूँ। कारा अवधि 3 वर्ष 7 माह व्यतित होने के बाद सामान्य तथा सामाजिक कार्यकलाप में भी अपने को असहज महसूस करने लगता है। यह मामला लेखा से संबंधित है, इसमें अपना पक्ष स्वतंत्र रूप से रखने हेतु मुझे कुछ कागजातों की जरूरत होगी जो मेरे पास नहीं है पूर्व में मेरे द्वारा दिया गया कारण पृच्छा में मेरे परिजन के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत कुछ कागजात प्राप्त कर मुझे उपलब्ध कराया गया था, जिसके आधार पर पूर्व के विभागीय कार्रवाई में मेरे द्वारा अपना पक्ष रखने का प्रयास मात्र किया गया था, अधुरे कागजातों के आधार पर पूर्ण पक्ष नहीं।

वर्तमान में संचालित विभागीय कार्रवाई में अनुरोध हे कि बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–3/एम0–15/2012–9407 दिनांक 02.07.2012 के विन्दु पर 4(क) के (1) के अनुसार नैसर्गिक न्याय सिद्धान्तों का विचार करने की कृपा की जाय। इस पत्र में 4(क) के (1) में निम्नांकित उल्लेखित है :–

"Audi alteram partem means hean the other party अर्थात किसी को भी उसका पक्ष सुने वगैर दोषी नहीं माना जाना चाहिए "

इस मामले में दिनांक 05.05.2016 को मेरे विरूद्ध मामला दर्ज होने के उपरान्त दिनांक 10.05.2016 को न्यायालय में प्रत्यार्पण करने के फलस्वरूप तब से आज तक मैं काराधीन हूँ। निगरानी कोर्ट में मेरे विरूद्ध पारित आदेश के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय में अपील वाद 3801/2018 दायर है, जिसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत किया गया है, मेरे जमानत के विन्दु पर माननीय न्यायालय में माह–जनवरी में सुनवाई है।

इस मामले में मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में **CWJC No.-22369/2019** पंकज कुमार सिंह बनाम बिहार सरकार दायर किया गया था, जिसमें दिनांक 09.12.2019 को पारित आदेश का वेव कॉपी संलग्न कर रहा हूँ। इस

आदेश में भवदीय के समक्ष अपना पक्ष इस वाद में कारा में रहते हुए नहीं रख पाने तथा तब तक विभागीय कार्रवाई स्थगित रखने संबंधी अनुरोध करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है।

सी0डब्लू0जे0सी0 संख्या–**7538/2014** मो0 अब्दुल्ला अयूबी बनाम बिहार सरकार में दिनांक **28.05.2014** को पारित आदेश की प्रति संलग्न की जा रही है, जिसमें कारा में रहने पर विभागीय कार्रवाई के स्थगन का आदेश है।

इस मामले में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, **2005** के नियम **9(7)** की अनदेखी की गयी है। माह जनवरी, **2020** में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा जमानत के बिन्दु पर सुनवाई को देखते हुए अनुरोध करना है कि कारा अवधि तक मुझे कारण पृच्छा से मुक्त रखने की कृपा की जाय।

आरोपित कर्मी श्री सिंह के द्वारा विभागीय कार्यवाही वाद संख्या **01/2016–17** जो उन्हें आरोपों के संबंध में प्रारम्भ की गई थी, जिन आरोपों के लिए वर्त्तमान विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है, में अधीक्षक आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर पटना के पत्रांक **9704**/कारा, दिनांक **25.10.2018** के द्वारा कारण पृच्छा प्राप्त कराया गया है, जो निम्नवत है :–

मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से राशि गबन का मामला एक सुनियोजित षड़यंत्र है, जिसमें मुझे जानबुझकर फँसाया गया है। इस मामले में एफ0आई0आर0 जो मेरे विरूद्ध दायर हुआ, जिसके आई0ओ0 डी0एस0पी0 बनाये गये तथा जिला स्तरीय एक जॉच समिति बनाई गयी, जिसके अध्यक्ष डी0डी0सी0 साहब थे। इन दोनों जॉच एजेंसी को षड़यंत्रकारी ने जैसे चाहा वैसे जॉच प्रतिवेदन लिया। इन दोनों जॉच एजेंसियों ने मात्र मुझे केन्द्र बिन्दु मानकर जॉच किये और मेरे विरूद्ध जॉच प्रतिवेदन समर्पित कर दिये। इस मामले में कुछ पहलू से श्रीमान को अवगत कराना चाहुँगा।

1. प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, बक्सर के ज्ञापांक **05–2616**, दिनांक **17.12.2014** का कृपया अवलोकन करने की कृपा करें, जिसका उल्लेख आरोप पत्र प्रपत्र **"क"** के आरेाप क्रमांक–**1** में किया गया है।

इस पत्र में स्पष्ट तौर पर उल्लेखित है कि मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के रोकड़ बही का संधारण जिला योजना शाखा में होता है। जिला पदाधिकारी के आदेश दिनांक **16.12.2014** के द्वारा इस योजना के रोकड़ बही का संधारण जिला नजारत शाखा, बक्सर में करने का आदेश दिया गया है। पत्र में स्पष्ट है कि जिला नाजीर रोकड़ बही का प्रभार जिला योजना के नाजीर से प्राप्त करें।

2. नजारत उप समाहर्त्ता, बक्सर के ज्ञापांक **08–0018**/नजा0, दिनांक **14.01.2015** का कृपया अवलोकन करने की कृपा की जा सकती है। इस पत्र के द्वारा नजारत में पदस्थापित लिपिकों के बीच कार्यो का बंटवारा किया गया है।

इस पत्र में मेरे नाम के सामने दिये गये कार्य प्रभार को अंकित किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से विकास योजना लेखा एवं मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना लेखा का कार्य हैं।

3. मेरे द्वारा दिनांक **27.01.2015** को जिला योजना शाखा के नाजीर श्री राजेश कुमार राय से मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से संबंधित रोकड़ बही को प्राप्त किया गया है।

मेरे द्वारा अंकित उपर्युक्त विन्दु संख्या **1, 2** एवं **3** के अवलोकनोपरान्त एवं अध्ययनोपरान्त साधारण तौर उठने वाला सवाल।

(क) जिला पदाधिकारी, बक्सर के द्वारा जिला विकास शाखा के संचिका संख्या **XXXVI–02–2014** पर दिनांक **16.12.2014** को दिये गये आदेशानुसार मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना का रोकड़ बही का प्रभार जिला नाजीर को प्राप्त करना या तो किस आदेश से नजारत उप समाहर्त्ता, बक्सर ने अपने ज्ञापांक **08–0018**/नजा0, दिनांक **14.01.2015** के द्वारा मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना का कार्य मुझे आवंटित कर दिये।

(ख) क्या नजारत उप समाहर्त्ता बक्सर को यह अधिकार था कि वे जिला पदाधिकारी के आदेश को संशोधित कर सकते थें ?

(ग) यदि नहीं तो नजारत उप समाहर्त्ता बक्सर ने किस संचिका में जिला पदाधिकारी महोद्य से आदेश प्राप्त किये थे कि मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना कार्य मुझे आवंटित करना है ?

(घ) नजारत उप समाहर्त्ता, बक्सर को नजारत शाखा में निष्पादित होने वाले कार्यो को वहॉ पदस्थापित लिपिकों के बीच कार्य बंटवारे का अधिकार प्राप्त है।

जब दिनांक **14.01.2015** तक मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना, जिला योजना शाखा में संधारित होता था तो दिनांक **14.01.2015** के कार्य बंटवारा में मेरे नाम के सामने अंकित करने का अधिकार नजारत उप समाहर्त्ता महोदय कहॉ से प्राप्त किये थे ?

4. नजारत उप समाहर्त्ता के द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में मुझे विकास योजना के लेखा को भी करना था, मुझसे पूर्व इस लेखा का संधारण श्री कन्हैया लाल जिला नाजीर करते थे।

मेरे द्वारा दिनांक **27.01.2015** को जिला योजना शाखा से मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से संबंधित रोकड़ बही प्राप्त करने के बाद जिला नाजीर के द्वारा दिनांक **16.02.2015** को मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना की प्रविष्टि **(Entry)** विकास योजना लेखा के सामान्य रोकड़ बही में किया गया।

सामान्य रोकड़ बही के छाया प्रति में दिनांक **16.02.2015** की प्रविष्टि कृपया द्रष्टव्य।

इस प्रकार मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के लेखा को भी विकास योजना के लेखा में शामिल किया गया। जिला नाजीर के द्वारा स्वयं इन पंजियों का संधारण किया जाता था। सामान्य रोकड़ बही के अवलोकन से स्पष्ट होगा कि मेरे लिखावट में पंजी का संधारण दिनांक **17.07.2015** से किया गया है।

5. श्रीमान् यहाँ उल्लेखित करना है कि विकास योजना लेखा के संधारण हेतु जिला नजारत शाखा बक्सर में कुल 13 सहायक रोकड़ बही **(Subsidary Cash Book)** का संधारण किया जाता था तथा सभी 13 सहायक रोकड़ बही की समेकित प्रविष्टी सामान्य रोकड़ बही में होता था।

जिला नजारत बक्सर में संधारित विकास योजना के लेखा से संबंधित **General Cash Book** के अवलोकन से स्पष्ट हो जायेगा कि जिस मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना में गबन की बात कही गयी है, उसका भी संधारण विकास योजना हेतु संधारित **General Cash Book** में किया गया है।

6. इसी सामान्य रोकड़ बही में एक अन्य योजना शहरी विकास योजना को संधारित किया जाता रहा है, इस योजना के दिनांक 31.03.2015 के अंत शेष (**Closing Balance**) के तरफ श्रीमान का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा। इस योजना में दिनांक 31.03.2015 का अंतशेष 5,07,86,092.60 मो0 (पांच करोड़ सात लाख छियासी हजार बानबे) रूपये साठ पैसे है।

शहरी विकास योजना हेतु तीन बैंको में खाता संधारित है, जो निम्नांकित है :–

क्र0	बैंक का नाम	खाता सं0	दिनांक 31.03.15 का शेष
1	2	3	4
1	बैंक ऑफ बड़ौदा, बक्सर	31200100008721	4,80,04,125.00
2	केनरा बैंक, बक्सर	8533101003468	1,09,21,108.00
3	मध्य बिहार ग्रामीण बैंक, बक्सर	70230100061392	4,70,771.60
	कुल		**5,93,96,004.60**

इस प्रकार श्रीमान पायेंगे कि इस योजना में कुल 86,09,912.00 (छियासी लाख नौ हजार नौ सौ बारह) रूपये की बढ़ोतरी बैंक खाते में है।

शहरी विकास योजना हेतु संधारित चेक पंजी नजारत शाखा से मांग कर अवलोकन करने से श्रीमान को स्पष्ट हो जायेगा कि केनरा बैंक के खाता सं0 8533101003468 में ही बढ़ोतरी की 86,09,912.00 रूपये सन्निहित है।

7. जिला नजारत शाखा से निर्गत पत्रांक 08–0426/नजा0 दिनांक 16.06.2015 जो कि कोषागार पदाधिकारी, बक्सर को निर्गत है कि प्रति कार्यालय से प्राप्त कर अवलोकन से स्पष्ट हो जायेगा कि केनरा बैंक के खाता संख्या 8533101003468 में राशि बढ़ी हुई है।

मेरे द्वारा उपर्युक्त अंकित विन्दु सं0 4 से 7 तक में उल्लेखित तथ्यों से श्रीमान पायेंगे कि निम्नांकित प्रक्रिया दोषपूर्ण है :–

(च) दिनांक 16.02.15 को जिला नाजीर द्वारा मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के रोकड़ बही की प्रविष्टि विकास योजना लेखा हेतु संधारित सामान्य रोकड़ बही में दर्ज करने हेतु कोई आदेश प्राप्त किये थे अथवा नहीं?

(छ) मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना की प्रविष्टि विकास शाखा के सामान्य रोकड़ बही में करने का जिला नाजीर का उद्देश्य क्या था?

(ज) शहरी विकास योजना में बढ़ी हुई राशि मेरे पूर्व तथा जिला नाजीर के कार्यकाल का है।

(झ) जिला नाजीर के द्वारा बढ़ी हुयी राशि का तथ्य उच्चाधिकारी से छिपाने का मकसद क्या था?

8. दिनांक 05.05.2016 को इस गबन के मामले को प्रकाश में आने के बाद तथा मेरी अनुपस्थिति के बाद मुझसे संबंधित आलमारी को किसी सक्षम पदाधिकारी के देख–रेख में खुलवाकर इन्वेन्ट्री सूची तैयार करना चाहिये था परन्तु जान बुझ कर यह कार्य नहीं किया गया। इस आलमीरा तथा नजारत शाखा में रखे प्रत्येक आलमीरा का उपयोग जिला नाजीर स्वयं करते थे। आलमीरा में जाली बैंक स्टेटमेन्ट कहॉ से आया इसकी जानकारी मुझे नहीं है। सभी बैंको से बैंक स्टेटमेन्ट नाजीर ही नजारत के एक अनुसेवक श्री राधा प्रसाद से मॅगवाते थे तथा उसी बैंक स्टेटमेन्ट के आधार पर चेक पंजी में मेरे द्वारा सुद की राशि को दर्ज किया गया है।

9. मेरे द्वारा कभी भी अपने उच्चाधिकारी का जाली हस्ताक्षर नहीं बनाया गया है।

10. मेरे छद्म नाम से बैंक खाता खोलकर किसी षडयंत्र के तहत मुझे फॅसाया गया है इस पूरे घटना क्रम से मेरा कोई वास्ता हीं नहीं है।

11. दिनांक 05.05.16 को मैं कार्यालय में उपस्थित था। यदि यह मामला प्रकाश में आया तो मुझसे इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करना चाहिये था, परन्तु अगले दिन के कार्यालय अवधि का इन्तजार किये बिना ही दिनांक 05.05.16 को ही देर रात्रि **F.I.R** दर्ज कराना भी षडयंत्र का ही हिस्सा है। मेरा कोई मोबाईल बंद नहीं था।

उपस्थापन पदाधिकारी का मंतव्य :–

उपस्थापन पदाधिकारी –सह– नजारत उप समाहर्त्ता, बक्सर के पत्रांक 08–0509/नजा0 दिनांक 13.07.2019 के द्वारा श्री पंकज कुमार सिंह, निलंबित लिपिक, जिला नजारत शाखा, बक्सर के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही वाद संख्या–03/2019–20 में अपना मंतव्य साक्ष्य सहित प्राप्त कराया गया है, जो निम्नवत है :–

जिला पदाधिकारी, बक्सर के आदेश ज्ञापांक 08–0379/नजा0 दिनांक 05.05.16 के आलोक में मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के सरकारी खाता संख्या 3877000100083229 पंजाब नेशनल बैंक, बक्सर से फर्जी तरीके से 11574576.00 रू0 मात्र सरकारी राशि के गबन के मामले में इस कार्यालय के पत्रांक 080411/नजा0 दिनांक 20.05.16 के द्वारा श्री पंकज कुमार सिंह, तत्कालीन सहायक नाजीर, जिला नजारत शाखा, बक्सर के विरूद्व प्रपत्र **'क'** में आरोप गठित कर साक्ष्य सहित उपलब्ध कराया गया था।

पुनः जिला पदाधिकारी, बक्सर के आदेश संख्या 18/2019–20 संसूचित ज्ञापांक 01–0921/स्था0, दिनांक 10.06.2019 के आलोक में भवदीय पत्रांक 03–1028/रा0 दिनांक 19.06.19 के संदर्भ में श्री पंकज कुमार सिंह, निलंबित लिपिक, जिला नजारत शाखा, बक्सर सम्प्रति काराधीन, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर पटना का कार्यालय (स्थायी पता ग्राम+पो0–पृथ्वीपुर, जिला–जौनपुर, उ0प्र0) के विरूद्व संचालित विभागीय कार्यवाही वाद सं0 03/2019–20 में साक्ष्य/अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निदेश प्राप्त हुआ है।

इस संदर्भ में उल्लेखित करना है कि पूर्व में पत्रांक 03–2355/रा0 दिनांक 09.08.2018 के आलोक में श्री पंकज कुमार सिंह, निलम्बित लिपिक, जिला नजारत शाखा, बक्सर सम्प्रति काराधीन, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर पटना का कार्यालय (स्थायी पता ग्राम+पो0–पृथ्वीपुर, जिला–जौनपुर, उ0प्र0) के विरूद्व संचालित विभागीय कार्यवाही वाद सं0 01/2016–17 में साक्ष्य/पक्ष अंकित/संलग्न करते हुए इस कार्यालय के पत्रांक 08–0714/नजा0, दिनांक 24.08.18 के द्वारा अधोहस्ताक्षरी के स्तर से उपस्थापित किया गया है।

पुनः पत्रांक 03–3043/रा0 दिनांक 03.11.2018 के आलोक में विभागीय कार्यवाही वाद सं0 01/2016–17 में याचित साक्ष्य/पक्ष कंडिकावार अधोहस्ताक्षरी के मंतव्य के साथ इस कार्यालय के पत्रांक 08–0032(मु0)/नजा0, दिनांक 06.11.2018 के द्वारा उपस्थापित किया गया है।

पुनः प्रासंगिक पत्रांक 03–1028/रा0 दिनांक 19.06.2019 के द्वारा श्री पंकज कुमार सिंह, निलम्बित लिपिक, जिला नजारत शाखा, बक्सर सम्प्रति काराधीन, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर पटना का कार्यालय (स्थायी पता ग्राम+पो0–पृथ्वीपुर, जिला–जौनपुर, उ0प्र0) के विरूद्व संचालित विभागीय कार्यवाही वाद सं0 03/2019–20 में याचित साक्ष्य/पक्ष अधोहस्ताक्षरी से मॉग की गयी है, जो निम्नांकित है :–

क्र0	आरोप	साक्ष्य
1.	मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से संबंधित कार्यो का निष्पादन पूर्व में जिला योजना कार्यालय के माध्यम से किया जाता था। इस योजना के कार्यान्वयन संबंधी कार्य विभागीय निदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी, बक्सर के आदेश ज्ञापांक 21–0314/जि0यो0, दिनांक 05.07.14 द्वारा जिला विकास शाखा को स्थानान्तरित किये जाने एवं तदनुसार प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, बक्सर के आदेश ज्ञापांक 05–2616, दिनांक 17.12.2014 के द्वारा रोकड़ पंजी के संधारण हेतु प्राप्त निदेश के क्रम में नजारत उप समाहर्ता, बक्सर के आदेश ज्ञापांक 08–0018/नजा0 दिनांक 14.01.2015 द्वारा श्री पंकज कुमार सिंह को उक्त कार्य आवंटित किया गया, जिस क्रम में जिला योजना कार्यालय से संबंधित रोकड़ बही, चेकबुक पंजी, चेकबुक एवं संचिकाओं का प्रभार जिला योजना कार्यालय के कार्यवाहक नाजीर श्री राजेश कुमार राय से दिनांक 27.01.2015 को श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा प्राप्त किया गया है।	आरोप प्रमाणित होता है।
2.	जिला नजारत शाखा के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना का खाता संख्या 3877000100083229, **District Infrastructure Development Agency C/O District Magisrate, Buxar** के नाम से पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा में संधारित है। प्रभार ग्रहण के उपरांत मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से संबंधित चेक निर्गमन का कार्य चेकपंजी एवं संचिका के माध्यम से आपके द्वारा किया जाता रहा है। दिनांक 05.05.2016 को पंजाब नेशनल बैंक के सहायक प्रबंधक द्वारा श्री कन्हैया लाल, जिला नाजीर को दूरभाष से अपराह्न 1.53 बजे सूचित किया गया कि चेक संख्या 222968, दिनांक 03.05.2016 जो पंकज कुमार सिंह के नाम से निर्गत है, वह बैंक ऑफ बडौदा से श्री पंकज कुमार सिंह के खाता संख्या 31200100018651 में जमा करने हेतु क्लीयरेंस के लिए आया है, जिसकी राशि 1836961.00 (अठारह लाख छतीस हजार नौ सौ एकसठ) रूपये है। जिला नाजीर श्री कन्हैया लाल द्वारा स्वयं बैंक शाखा में जा कर चेक की जाँच करने पर पाया गया कि उक्त चेक पर नजारत उप समाहर्ता एवं जिला पदाधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर है, जिसपर पंकज कुमार सिंह का नाम अंकित है। स्पष्टतः श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा सरकारी राशि गबन करने की मंशा से उक्त चेक बैंक ऑफ बड़ौदा में प्रस्तुत किया गया है, जो सरकारी कर्मी के आचरण के प्रतिकूल है।	आरोप प्रमाणित होता है।

3.	उपरोक्त फर्जी हस्ताक्षर युक्त चेक के अवलोकन से संदेह परिलक्षित होने पर जिला नाजीर द्वारा खाता की छानबीन हेतु खाता संख्या **3877000100083229** का पूर्ण विवरण पंजाब नेशनल बैंक से प्राप्त किया गया। विवरण के अनुसार श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा निम्नलिखित तिथियों में विभिन्न चेकों द्वारा भिन्न–भिन्न राशि की निकासी की गई है, जो निम्न प्रकार है :–	**तत्कालीन जिला पदाधिकारी द्वारा तत्कालीन नजारत उप समाहर्त्ता श्री नासीर हुसैन तथा श्री राजेश कुमार सिंह से उक्त मामले में स्पष्टीकरण की मॉग की गयी थी, जिसके आलोक में तत्कालीन नजारत उप समाहर्त्ता श्री नासीर हुसैन तथा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किये गये स्पष्टीकरण में उल्लेखित किया गया है कि वर्णित चेकों पर मेरे द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया गया है। उक्त स्पष्टीकरण की छायाप्रति जिला गोपनीय शाखा / स्थापना शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।**

क्र0 सं0	चेक संख्या / निर्गत तिथि	राशि	निकासी की तिथि	चेक किसके पक्ष में निर्गत है।
1.	509777 / 09.03.2015	1265000.00	09.03.15	Pankaj Kumar Singh
2.	509781 / 27.03.2015	85000.00	27.03.15	Pankaj Kumar Singh
3.	509785 / 09.04.2015	1093565.00	09.04.15	Pankaj Kumar Singh
4.	509788 / 13.05.2015	1163000.00	13.05.15	Pankaj Kumar Singh
5.	509789 / 06.07.2015	1261340.00	06.07.15	Pankaj Kumar Singh
6.	509796 / 13.10.2015	884569.00	13.10.15	Pankaj Kumar Singh
7.	509798 / 21.11.2015	1281769.00	21.11.15	Pankaj Kumar Singh
8.	509799 / 27.01.2016	1365723.00	27.01.16	Pankaj Kumar Singh
9.	222962 / 23.02.2016	1478981.00	23.02.16	Pankaj Kumar Singh
10.	222967 / 26.04.2016	1695629.00	26.04.16	Pankaj Kumar Singh
कुल योग		11574576.00		

मो0 नासिर हुसैन, वरीय उप समाहर्त्ता दिनांक **31.03.15** तक जिला नजारत के प्रभार में थे। तत्पश्चात दिनांक **01.04.15** से अधोहस्ताक्षरी (राजेश कुमार सिंह) नजारत के प्रभार में है। श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा श्री राजेश कुमार सिंह, तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बक्सर –सह– नजारत उप समाहर्त्ता,बक्सर के प्रभार अवधि में भी दिनांक **09.04.15,13.05.15** एवं **06.07.15** को मो0 नासिर हुसैन का जाली हस्ताक्षर कर फर्जी चेक भुनाया गया है।

इस प्रकार श्री सिंह ने जालसाजी से नजारत उप समाहर्ता नासिर हुसैन, राजेश कुमार सिंह एवं जिला पदाधिकारी, बक्सर श्री रमण कुमार का फर्जी हस्ताक्षर कर जानबूझकर सरकारी राशि मो0 **11574576.00** (एक करोड़ पन्द्रह लाख चौहतर हजार पॉच सौ छिहतर) रूपये का अपने निजी बैंक खाता के माध्यम से गबन किया है, जिससे सोची समझी साजिश परिलक्षित होती है।

4.	श्री सिंह के द्वारा एकाउन्ट पेयी चेक पंकज कुमार सिंह के नाम से निर्गत कर अपने निजी खाता में जमा किया गया, जबकि उक्त खाता मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से संबंधित है और इस खाते के माध्यम से केवल कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डुमरॉव के नाम से हीं चेक निर्गत किये जाते है। व्यक्ति विशेष के नाम से इस खाते से कोई भी चेक निर्गत नहीं किया जाता है, परन्तु श्री सिंह द्वारा ''पंकज कुमार सिंह'' स्वयं के नाम से चेक निर्गत कर चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी राशि के गबन की मंशा से अवैध निकासी कर ली गई है। किसी पदाधिकारी यथा् नजारत उप समाहर्ता, जिला पदाधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है, जो श्री पंकज कुमार सिंह के जालसाज एवं षडयंत्रकारी प्रवृति का द्योतक है।	**आरोप प्रमाणित होता है।**
5.	खाता संख्या **3877000100083229** का दिनांक **06.04.2016** को श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेंट एवं जिला नाजीर द्वारा दिनांक **05.05.2016** को प्राप्त किये गये बैंक स्टेटमेंट के अवलोकन से स्पष्ट है कि आपके द्वारा प्राप्त कराया गया बैंक स्टेटमेंट फर्जी तरीके से तैयार कर नजारत शाखा में उपलब्ध कराया गया है। उक्त स्टेटमेंट	**आरोप प्रमाणित होता है।**

	में ''पंकज कुमार सिंह'' नाम से चेक के माध्यम से निकासी की गई राशि को अंकित नहीं किया गया है। फर्जी तरीके से की गई अवैध निकासी के लिए आपके द्वारा बैंक स्टेटमेन्ट में छेड़–छाड़ कर तथ्य को छिपाने का प्रयास किया गया है, जो इरादतन कार्यालय को धोखा देने का परिचायक है।	
6.	उक्त घटनाक्रम के उपरांत श्री सिंह का पक्ष जानने हेतु खोज किये जाने पर पाया गया कि श्री सिंह लगभग 2.30 से हीं कार्यालय में नहीं है तथा कार्यालय से अनुपस्थिति हेतु सक्षम पदाधिकारी से अनुमति भी प्राप्त नहीं की गई है। श्री सिंह के मोबाईल सं0 8986364107 एवं 9128558211 पर जिला नाजीर एवं नजारत उप समाहर्ता द्वारा संपर्क करने पर प्रारंभ में मोबाइल व्यस्त रहने का संकेत मिला परन्तु बाद में मोबाईल स्वीच ऑफ कर दिया गया। इस प्रकार दिनांक 05.05.2016 के अपराह्न 2.30 बजे से कार्यालय से लगातार अनुपस्थित है। मामले की खुलासा होते ही मोबाईल स्वीच ऑफ करके अचानक कार्यालय से गायब हो जाना सरकारी राशि की अवैध निकासी जैसे कुकृत्य का द्योतक है।	**आरोप प्रमाणित होता है।**
7.	दिनांक 06.04.16 को श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा प्राप्त किये गये बैंक खाता विवरणी से चेकपंजी एवं रोकड बही मिलान करने के क्रम में पाया गया कि दिनांक 02.09.15 को प्राप्त सूद 374308.00 रू0 चेक पंजी के पृष्ठ संख्या 03 पर अंकित किया गया है एवं सहायक रोकड बही के पृष्ठ संख्या 24 पर भी सूद की राशि 374308.00 रू0 अंकित किया गया है। इसी प्रकार उक्त खाता विवरणी में **दिनांक 06.03.16 को प्राप्त सूद 369409.00 रू0 मात्र** को चेक पंजी के पृष्ठ संख्या 03 पर एवं सहायक रोकड बही के पृष्ठ संख्या 24 पर सूद की राशि 369409.00 रू0 मात्र अंकित किया गया है। दिनांक 05.05.16 को मामला प्रकाश में आने के पश्चात बैंक खाता सं0 3877000100083229 का दिनांक 05.05.16 को खाता विवरणी प्राप्त किया गया, जिसमें दिनांक 06.03.16 को सूद की राशि 261533.00 रू0 प्राप्त है। इससे स्पष्ट है कि उक्त बैंक विवरणी में सूद की राशि में छेड़छाड़ करते हुए चेक पंजी एंव रोकड बही में दिनांक 31.03.16 को अवशेष राशि 19370475.00 रू0 मात्र का सही सत्यापन कराकर श्री पंकज कुमार सिंह द्वारा कार्यालय को गुमराह किया गया है एवं चेक पंजी तथा रोकड़ बही में भी गलत प्रविष्टि की गयी है, जो सही तथ्य छिपाने की मंशा से सरकारी अभिलेख में छेड़–छाड़ का परिचायक है।	**आरोप प्रमाणित होता है।**

पुलिस अधीक्षक, बक्सर के पत्रांक 2736, दिनांक 23.06.16 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि **''अनुसंधान, पर्यवेक्षण –सह– प्रतिवेदन 02 से यह कांड धारा 409/420/467/468/469/471/472 /474/477(ए)/120(बी)/34 भादवि एवं 13(1)(सी) भ्रष्टाचार निरोध अधिनियम,1988 के अन्तर्गत पंकज कुमार सिंह के अतिरिक्त उनके भाई/बहनोई/संबंधी/सहयोगी (जिनके खातें में अभि0 पंकज कुमार सिंह के बतायेनुसार गबन की गई राशि को जमा की गई है) के विरूद्व सत्य पाया गया है।''**

उपर्युक्त फर्जी तरीके से सरकारी राशि के गबन के मामले में विशेष वित अंकेक्षण कराया गया। विशेष वित अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या 17/16–17 के कंडिका संख्या 05 में स्पष्ट प्रतिवेदित किया गया है कि **''श्री पंकज कुमार सिंह, तत्कालिन सहायक नाजीर, नजारत शाखा, बक्सर द्वारा सुनियोजित ढंग से छल कपटपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से संबंधित पंजाब नेशनल बैंक, बक्सर के खाता सं0 3877000100083229 से 10 (दस) चेकों द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा, बक्सर के अपने व्यक्तिगत बचत खाता सं0 31200100018651 में अवैध तरीके से राशि स्थानान्तरित कराकर कुल 11574576.00 (एक करोड पन्द्रह लाख चौहर हजार पॉच सौ छिहतर) रू0 मात्र का गबन किया पाया गया।''**

संचालन पदाधिकारी का मंतव्य :–

आरोपित कर्मी श्री पंकज कुमार सिंह, निलंबित लिपिक, जिला नजारत शाखा, बक्सर के द्वारा उनके विरूद्ध गठित आरोप पत्र में उल्लेखित आरोप के आलोक में अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर, पटना के पत्रांक 15041, दिनांक 26.12.2019 के माध्यम से जो स्पष्टीकरण प्राप्त कराया गया है, उसमें उनके द्वारा माह जनवरी, 2020 में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा जमानत के बिन्दु पर सुनवाई को देखते हुए कारा अवधि तक कारण पृच्छा से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री सिंह के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही वाद संख्या 01/2016–17 उन्हीं आरोपो के संबंध में प्रारम्भ की गई थी, जिन आरोपो के लिए वर्तमान विभागीय कार्यवाही वाद संख्या 03/2019–20 प्रारम्भ की गई है।पूर्व में संचालित विभागीय कार्यवाही वाद संख्या 01/2016–17 में श्री सिंह के द्वारा काराधीन रहते हुए भी ससमय अपना पक्ष रखा गया है, परन्तु वर्तमान में विभागीय कार्यवाही में उनके द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है।

इस प्रकार श्री पंकज कुमार सिंह, निलंबित लिपिक, जिला नजारत शाखा, बक्सर के विरूद्ध गठित आरोप पत्र प्रपत्र–'क' में उल्लेखित आरोप, श्री सिंह के द्वारा उनके विरूद्ध गठित आरोप पत्र प्रपत्र **'क'** में उल्लेखित आरोप के संबंध में पूर्व में उपलब्ध कराये गये स्पष्टीकरण, उपस्थापन पदाधिकारी का मंतव्य तथा अभिलेख में संधारित अन्य कागजातों के परिशीलन से स्पष्ट है कि श्री सिंह के विरूद्ध मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से संबंधित राशि 1,15,74,576/– (एक करोड़ पन्द्रह लाख चौहत्तर हजार पांच सौ छिहत्तर) रूपये के गबन के आलोक में प्रपत्र **'क'** में गठित सभी आरोप प्रमाणित होते है।

श्री सिंह के विरूद्ध संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित आरोपों के आलोक में इस कार्यालय के ज्ञापांक 01–0263/स्था0, दिनांक 05.02.2020 से अभ्यावेदन की मांग की गई परन्तु ससमय अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। पुनः

ज्ञाप सं0 01–0452/स्था0, दिनांक 27.02.2020 से अभ्यावेदन की मांग की गई। श्री सिंह द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु समय की मांग किये जाने पर पुनः ज्ञाप सं0 01–0801/स्था0, दिनांक 25.04.2020 से अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु 15 दिनों का समय दिया गया, परन्तु श्री सिंह द्वारा ससमय अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। श्री सिंह को ज्ञाप सं0 01–0966/स्था0, दिनांक 13.06.2020 से अभ्यावेदन समर्पित करने हेतु अंतिम रूप से मौका देते हुए 15 दिनों का समय दिया गया। इस प्रकार आरोपी कर्मी को अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु पर्याप्त मौका भी दिया गया है।

श्री सिंह द्वारा अभ्यावेदन दिया गया है, जिसमें अंकित किया गया है कि निलंबन के पश्चात से इस मामले में दो बार विभागीय कार्यवाही प्रारंभ किया गया है। वर्तमान के विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी महोदय से मेरे द्वारा अनुरोध किया गया था कि लंबे समय से कारा में रहने तथा कोई कागजात उपलब्ध नहीं रहने तथा निकट भविष्य में उच्च न्यायालय से जमानत मिलने तक विभागीय कार्यवाही को स्थगित रखने की कृपा की जाय, परन्तु संचालन पदाधिकारी महोदय के द्वारा पूर्व के हीं विभागीय कार्यवाही में समर्पित आवेदन को आधार मानकर विभागीय कार्यवाही के संचालन को पूर्ण कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु भवदीय को समर्पित किया गया है।

दिनांक 29.01.2020 को माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा सजा एवं अर्थदण्ड को अपील वाद के लंबित रहने तक निलंबित करने तथा मेरे जमानत होने से बदली हुई परिस्थिति में अनुरोध है कि माननीय उच्च न्यायालय में दायर अपील वाद सं0 3801/2018 के निष्पादित होने तक मुझे निलम्बन से मुक्त करते हुए अग्रेतर कार्रवाई को स्थगित रखने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के क्रम में कहना है कि श्री सिंह को माननीय उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के फलस्वरूप दिनांक 03.02.2020 को आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर, पटना से रिहा होने के पश्चात संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच अभिलेख की छायाप्रति संलग्न करते हुए अभ्यावेदन की मांग की गई है। अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया है। साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के पत्रांक 03/एम0–162 /05–का0–2324, दिनांक 10.07.2007 एवं प्रधान सचिव, निगरानी विभाग के पत्रांक नि0वि0/स्था0 –178/10–2717, दिनांक 07.05.2010 में निदेश प्राप्त है कि आपराधिक कदाचार में लिप्त सरकारी सेवकों के विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही के साथ–साथ विभागीय कार्यवाही भी चलायी जानी है।

श्री सिंह से प्राप्त द्वितीय कारण पृच्छा की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री सिंह द्वारा अपर समाहर्त्ता–सह–संचालन पदाधिकारी के समक्ष समर्पित कारणपृच्छा से भिन्न कोई तथ्य अपने बचाव पक्ष में नहीं दिया गया है।

इस प्रकार संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन/अधिगम से यह स्पष्ट हो रहा है कि श्री पंकज कुमार सिंह, लिपिक द्वारा सरकारी राशि का गबन किया गया है, जो एक सरकारी सेवक का यह आचरण बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली–1976 के नियम–3 के प्रतिकूल है। इनके विरूद्ध प्रमाणित आरोप गंभीर प्रकृति के है। इसलिए इन्हें कठोरतम दण्ड देने के सिवा कोई विकल्प नहीं बचा है। अगर इन्हें कठोर दण्ड नहीं दिया जाता है तो अन्य लोक सेवकों पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा। अतएव श्री सिंह सेवा में बने रहने योग्य नहीं है।

अतः श्री सिंह के विरूद्ध प्रमाणित आरोपों के आलोक में मैं, **अमन समीर, भा0प्र0से0**, समाहर्ता –सह– जिला दण्डाधिकारी, बक्सर श्री पंकज कुमार सिंह, निलंबित लिपिक, जिला नजारत शाखा, बक्सर के विरूद्ध गठित आरोप एवं संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन/अधिगम के समीक्षोपरान्त आरोपित कर्मी के विरूद्ध प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए दिये गये मंतव्य से सहमत होते हुए आरोपित कर्मी श्री पंकज कुमार सिंह को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 यथा संशोधित–2007 के नियम 14(xi) के तहत सेवा से ''**बर्खास्तगी**'' (**DISMISSAL**) जो ''सामान्यतः सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता होगी एवं निलंबन अवधि के लिए मात्र जीवन यापन भत्ता इन्हें देय होगा, की शास्ति अधिरोपित एवं संसूचित करता हूँ। श्री सिंह को इसके अलावा पेंशन एवं ग्रेच्यूटी लाभ देय नही होगा।

श्री पंकज कुमार सिंह से संबंधित पूर्ण विवरणी निम्नवत है :–

1. नाम :– **श्री पंकज कुमार सिंह**
2. पिता का नाम :– **स्व0 राम बहोर सिंह**
3. पदनाम :– **लिपिक**
4. जन्म तिथि :– **12.10.1974**
5. नियुक्ति तिथि :– **15.01.1997**
6. वेतनमान :– **9300–34800**
7. स्थायी पता :– **ग्राम+पो0–पृथ्वीपुर, जिला–जौनपुर (उत्तर प्रदेश)**

इसकी सूचना सभी संबंधितों को दी जाय।

आदेश से,
(ह0) अस्पष्ट, जिला पदाधिकारी, बक्सर

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 16–571+10–डी0टी0पी0।
Website : http://egazette.bih.nic.in